卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 125 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦12 फरवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## कांग्रेस के दिग्गज अशोक चव्हाण ने दिया इस्तीफा

### जल्द ही भाजपा में शमिल हो सकते हैं पूर्व सीएम अशोक चव्हाण

मुम्बई( उद ब्यूरो)। बिहार में चल रहे सियासी ड्रामे के बीच महाराष्ट्र में भी खेला हो गया है। कांग्रेस के दिग्गज नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया है। उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष को भेजे अपने पत्र में कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का ऐलान किया। उन्होंने कांग्रेस ही नहीं बल्कि विधानसभा के सदस्य के रूप में भी इस्तीफा दे दिया है। अशोक चव्हाण ने स्पीकर को अपना इस्तीफा भेज दिया है। कहा जा रहा है कि वह बीजेपी से राज्यसभा जा सकते हैं। उनके साथ 10 से 12 विधायक भी पाला बदल सकते हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय में हो रहा है जब महाराष्ट्र कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेता बाबा सिद्दीकी और मिलिंद देवड़ा कुछ समय पहले कांग्रेस



को छोड़ चुके हैं। उन्होंने महाराष्ट्र कांग्रेस कमेटी को अभी अपना इस्तीफा नहीं भेजा है। उन्होंने कल ही महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रभारी रमेश चेन्निथला से मुलाकात की थी और कुछ मुद्दे उनके सामने रखे थे। चर्चा है कि चव्हाण बीजेपी में शामिल हो सकते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण महाराष्ट्र में कांग्रेस का ऐसा चेहरा माने जाते हैं जो हर मुश्किल में पार्टी के साथ खड़े रहे हैं। मोदी लहर होने के बावजूद 2014 में नांदेड सीट से उन्होंने कांग्रेस को जीत भी दिलाई थी। अशोक चव्हाण मूलतः औरंगाबाद की पैठण तहसील के रहने वाले हैं। अशोक चव्हाण 8 दिसंबर 2008 से 9 नवंबर 2010 तक डेढ़ साल महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे। उनका नाम आदर्श इमारत घोटाले में आने के बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा।

## हरिद्वार में सीएम धामी ने निकाला जोरदार रोड शो

हरिद्वार (उद संवाददाता) । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को यहां करोड़ों की योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। साथ ही उन्होंने जोरदार रोड शो भी निकाला। रोड शो में सीएम के स्वागत के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा। जगह जगह सीएम का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। तय कार्यक्रम के अनुसार सीएम धामी ने देवपुरा चौक से रोड शो शुरू किया। ढोल नगाड़ों की थाप पर भव्य रोड शो विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा। इस दौरान रोड शो में भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा। सीएम के स्वागत के लिए सड़क के दोनों ओर भारी संख्या में लोग खड़े नजर आये। सीएम ने स्वागत के लिए खड़े लोगों पर फूल बरसाकर उनका आभार व्यक्त किया। रोड शो के दौरान सीएम के साथ वाहन पर राज्यसभा सांसद कल्पना सैनी, सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, नगर विधायक मदन कौशिक, रानीपुर विधायक आदेश चौहान, रुड़की विधायक प्रदीप बत्रा भी मौजूद रहे। रोड शो में ढोल नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ता झूमते हुए चल (शेष पृष्ठ सात पर)



## हल्द्वानी में पटरी पर लौटने लगा जनजीवन

### चार दिन बाद छिटपुट बाजार खुलने से मिली राहत, उपद्रवियों की धरपकड़ जारी

ल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत 8 फरवरी की रात्रि भड़के दंगे के बाद कर्फ्यू के चलते बनभूलपुरा व लगते क्षेत्र में बाजार चौथे दिन भी बंद होने से लोगों को परेशानियों से जूझना पड़ा। छिटपुट बाजार खुलने से लोगों को राहत मिली। वहीं उपद्रवियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस का धरपकड़ अभियान जारी है। बनभूलपुरा क्षेत्र के मलिक का बगीचा में सरकारी भूमि पर अवैध रूप से बनाये गये मदरसे और मस्जिद को ढ़हाने के बाद शहर में हालात बेकाबू हो गये थे। जिसके बाद प्रशासन क्षरा सम्पूर्ण शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया था। हांलाकि प्रशासन ने कुछ बाहरी क्षेत्रों में कर्फ्यू में ढील दी। साथ ही कर्फ्यू ग्रस्त बनभूलपुरा क्षेत्र के कई मौहल्लों में प्रशासन द्वारा दूध, सब्जी, सिलेंडर, चिकित्सा व दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं की वितरण व्यवस्था की गई। जिससे स्थानीय लोगों को काफी राहत मिली।लेकिन बनभूलपुरा तथा इससे लगते क्षेत्र में सख्ती भी बरती गई। आज नगर के मीरा मार्ग,नया बाजार, साहूकारा लाईन की अधिकांश दुकाने बंद रही। जबकि सब्जी मंडी, मंगल पड़ाव, सिंधी चौक, भवानी (शेष पृष्ठ सात पर)





## लूटकाण्ड का खुलासा,एक गिरफ्तार

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। दिनदहाड़े महिला से हजारों की नगदी समेत पर्स लूटने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर उससे लूटी गयी नगदी और लूट में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है। पकड़े गये आरोपी का आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है। एसएसआई कमाल हसन ने बताया कि 8 फरवरी को रीश पाल कौर पत्नी स्व. प्रीतम सिंह कौर ने विशाल मेगा मार्ट के पास बैंक से नगदी निकाली और उसके बाद घर के लिए निकल रही थी इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके हाथ से पर्स छीन लिया और फरार हो गया। पर्स (शेष पृष्ठ सात पर)



## बनभूलपुरा में हुई हिंसा की न्यायिक जांच कराने की मांग


रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अनेक मजदूर संगठनों द्वारा आज कल परिसर में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन किया गया जिसमें उनसे बनभूलपुरा में हुई हिंसा की न्यायिक जांच कराने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि 8फरवरी को हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में सरकारी भूमि पर अवैध मदरसे व मस्जिद को प्रशासन द्वारा ढहाये जाने के बाद हुई हिंसा, आगजनी, पथराव व पुलिस फायरिंग में 5 लोगों की मौत हो गई और आम जनता, पत्रकार पुलिस कर्मी सहित सैकड़ों (शेष पृष्ठ सात पर)



## मायके में फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव

### परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पिछले तीन वर्ष से अपने दो बच्चों के साथ मायके रह रही एक विवाहिता का घर में फांसी पर लटका शव मिला। जानकारी मिलने पर सीओ व रम्पुरा चौकी प्रभारी ने पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचकर परिजनों से आवश्यक जानकारी ली और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों ने पुत्री की हत्या करने का संदेह व्यक्त किया है। जानकारी के अनुसार भूतबंगला निवासी नल मिस्त्री रामपाल की पुत्री आरती का विवाह वर्ष 2015 में ग्राम चुरई थाना मीरगंज बरेली निवासी महेन्द्र के साथ हुआ था। बताया जाता है कि महेन्द्र नशे का आदी था और वह आरती से नशे में मारपीट करता था। जिस कारण आरती तीन वर्ष पूर्व उसे छोड़कर अपने पुत्र अभी व पुत्री वैष्णवी के साथ यहां भूतबंगला में माता पिता के पास आकर रहने लगी थी। बताया जाता है कि आत प्रातः आरती अपने दोनों बच्चों को स्कूल छोड़कर आई। जिसके बाद आरती की मां रजनी व पिता काम करने घर के बाहर ताला लगाकर चले गये। कुछ देर बाद जब रजनी घर वापस लौटी तो दरवाजा अंदर से बंद था। काफी कोशिश के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो वह पड़ोस के (शेष पृष्ठ सात पर)





## गोद भराई का खाना बनाते समय भड़की आग,पांच झुलसे

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आज प्रातः ट्रांजिट कैम्प के मौहल्ला विवेक नगर में एक घर में पुत्री की गोदभराई कार्यक्रम के लिए खाना बनाने के दौरान सिलेंडर लीक हो जाने से आग भड़क गई। इस दुर्घटना में दो बच्चों सहित परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से झुलस गये। जबकि जिस पुत्री की गोद भराई होनी है वह यह मंजर देखकर बेहोश हो गई। सभी को उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय ले जाया गया। जानकारी के अनुसार मौहल्ला विवेक नगर निवासी किशनपाल की पुत्री रेनू की आज गोद भराई होनी है। शिमला बहादुर से मेहमान आने वाले थे। किशन पाल के किरायेदार अजय के कमरे में गैस चूल्हे पर खाना बनाया जा रहा था। तभी सिलेंडर के लीक हो जाने से घर (शेष पृष्ठ सात पर)











**रस्म पगड़ी / श्रद्धांजलि सभा**

**नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।**
**न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥**

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी धर्मपत्नी **श्रीमती शीला देवी नागपाल जी** का स्वर्गवास 11 फरवरी 2024 को हो गया है, जिसकी आत्मिक शांति हेतु **रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा दिनांक 13 फरवरी 2024 दिन मंगलवार** को अपरान्ह 2 से 3 बजे पाँच मंदिर, मुख्य बाजार, रूद्रपुर में होगी।

**शोकाकुल परिवार**

| | |
|---|---|
| हर्षा–सुभाष सीकरी (पुत्री–दामाद) | **श्यामलाल नागपाल ( पति )** |
| ममता–प्रदीप ढींगड़ा (पुत्री–दामाद) | अंजली–मनोज (पुत्रवधु–पुत्र) |
| गीता–राजेश नरूला (पुत्री–दामाद) | सुप्रिया–संजय(पुत्रवधु–पुत्र) |
| समस्त नागपाल परिवार | स्पर्श, पर्व (पौत्र) |
| एवं सर्व सम्बन्धीगण | सलोनी, गार्गी, ईषा (पौत्री) |

çfr"Bku %& e- ukolYVh jLVkjUV
eu ekdV] :æi|j ek- 9997147086] 9997455689

# धामी की धूम: संग्ज्यू कार्यक्रम में मातृशक्ति ने बरसाये फूल





- लोहाघाट में सीएम ने महिलाओं के साथ ओखली में धान कूटने रिंगाल की टोकरी बुनने के साथ ही बर्तन बनाने की कला को जाना
- जनपद की विभिन्न विकास के लिए 162 करोड़ 15 लाख 76 हजार रुपए की 45 योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

चम्पावत(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को लोहाघाट चंपावत में आयोजित संग्ज्यू-2024 कार्यक्रम में प्रतिभाग कर जनपद के विकास के लिए 162 करोड़ 15 लाख 76 हजार रुपए की (16215.76) कुल 45 योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इससे पूर्व उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज लोहाघाट से रामलीला मैदान लोहाघाट तक आयोजित विशाल रोड शो में भी प्रतिभाग किया। पुलिस की महिला जवानों द्वारा मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री धामी ने देवी शक्ति स्वरूप 9 कन्याओं का पूजन कर प्रदेश की सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। उन्होंने महिला समूहों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने पहाड़ की पारंपरिक वस्तुओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिलाओं के साथ ओखली में धान कूटने, रिंगाल की टोकरी बुनने के साथ ही बर्तन बनाने की कला को भी जाना। स्टॉलों के निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों के साथ केक भी काटा। मुख्यमंत्री श्री धामी ने सरस्वती शिशु मंदिर में महिलाओं के साथ झोड़ा, चाचरी व होली गायन में प्रतिभाग कर पुरानी यादों को सांझा किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने महिलाओं को सम्मानित करने के साथ ही 4 सहकारी समितियों को प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के लाइसेंस भी वितरित किए। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत जनपद की ग्राम खिरद्वारी की एक मात्र वनराजी जनजाति के 14 परिवारों को भूमि पट्टे भी प्रदान किए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मातृशक्ति के उत्थान को समर्पित है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में सरकार लगातार महिलाओं के कल्याण के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में यूसीसी (समान नागरिक संहिता) को पारित कर उन्होंने जनता से किया वादा पूरा किया है। समान नागरिक संहिता किसी जाति, ध र्म समुदाय के लिए न होकर पूरे राज्यवासियों के हितों के लिए है। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि चंपावत जिले को आदर्श जिला बनाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। यहाँ के विकास का मॉडल अन्य हिमालयी राज्यों को भी एक संदेश व अनुकरणीय करेगा। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री धामी ने लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति करने और लोहाघाट होली महोत्सव को प्रतिवर्ष राजकीय अनुदान देने की घोषणा की। उन्होंने ग्राम सभा चमलदेव के धौलीसीलिंग में मिनी स्टेडियम निर्माण की घोषणा करने के साथ ही ग्राम पंचायत बालिक रोड के तोक जोशीखोला, उनकी तोक से शमशान घाट तक 3 किलोमीटर तक सड़क निर्माण करने की घोषणा की।कार्यक्रम के दौरान लोकसभा सांसद श्री अजय टम्टा, दर्जा राज्य मंत्री श्री गणेश भंडारी, अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय, विधायक लोहाघाट खुशाल सिंह अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल महारा, पूर्व विधायक लोहाघाट पूरन फर्त्याल, ब्लाक प्रमुख विनीता फर्त्याल समेत कई लोग मौजूद रहे। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि लुघाट की देवतुल्य जनता को खूब-खूब धन्यवाद...सभै जनता बैठे मिली विश्वास और आशीर्वाद ले मेर हृदय बहुत खुश छ। विभिन्न ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों से सुसज्जित, नैसर्गिक सौंदर्य से परिपूर्ण लोहाघाट (चम्पावत) की पावन धरा पर 'संग्ज्यू - 2024' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित रोड शो के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में पहुंचे युवाओं, मातृशक्ति, बुजुर्गों एवं बच्चों का असीम स्नेह, आशीर्वाद और अभूतपूर्व समर्थन प्राप्त हुआ। भव्य स्वागत एवं अभिनंदन हेतु लोहाघाट क्षेत्र की समस्त देवतुल्य जनता का कोटिशः आभार !

## सीएम धामी ने चंपावत के फागपुर गांव में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग कर की कई घोषणायें

चंपावत(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने गांव चलो अभियान के तहत टनकपुर, चंपावत के फागपुर गांव में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने टनकपुर स्टेडियम का उच्चीकरण करने के साथ ही वहां पर 400 मीटर सिंथेटिक ट्रैक, इंडोर स्विमिंग पूल, बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि टनकपुर एवं बनबसा क्षेत्र में अर्बन फॉरेस्ट योजना के अन्तर्गत पृथक-पृथक वृहद पार्क का निर्माण किया जाएगा। ग्राम सभा फागपुर में आन्तरिक मार्गों का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने राजकीय प्राइमरी



पाठशाला फागपुर के उच्चीकरण करने के साथ ही वहां पर स्मार्ट कक्षा का निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राजकीय जूनियर हाईस्कूल फागपुर का नाम डॉ. भीमराव अम्बेडकर के नाम पर रखा जायेगा। उन्होंने बनबसा केनाल गेट से देवीपुरा धनुष पुल तक सड़क निर्माण और टनकपुर में नशामुक्ति केन्द्र की स्थापना की भी घोषणा की। अभियान के तहत मुख्यमंत्री श्री धामी बनबसा हेलीपैड से सीधे फागपुर निवासी सबिता देवी के घर पहुंचे और उनके परिवार वालों का हाल-चाल जाना। उन्होंने वहां चारा कुट्टी मशीन भी चलायी। गांव निवासी संगीता रावल के घर पहुंच बच्चों से वार्ता की ओर चाखा(पत्थर की हाथ वाली चक्की) चलाई। इस अवसर पर सांसद श्री अजय टम्टा, उपाध्यक्ष वन एवं पर्यावरण श्री दीपक मेहरा, जिला पंचायत सदस्य किरण देवी, भाजपा प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष टनकपुर विपिन कुमार, शिवराज सिंह कठायत, ग्राम प्रधान हर्षवर्धन समेत विभिन्न जनप्रतिनिधि और लोग मौजूद रहे।





## बूथ पर कार्यकर्ताओं और जनता के साथ किया संवाद

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने गांव चलो अभियान के तहत कालाढूंगी मंडल के बूथ संख्या 48 के झलुवाझाला बूथ में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। श्री भट्ट ने गांव चलो अभियान के तहत कालाढूंगी विधानसभा के कालाढूंगी मंडल के बूथ संख्या 48 झलुवाझाला में महिलाओं के साथ संवाद किया। वहीं स्थानीय लोगों पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को भी केंद्र व प्रदेश सरकार की उपयोगी व कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। इस दौरान श्री भट्ट ने आगामी लोकसभा चुनाव में एक बार फिर देश



को विश्व में नंबर वन बनाने की संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुन: भारी मतों से विजय बनाने का आह्वान किया। इस दौरान गांव चलो अभियान के अंतर्गत बूथ अध्यक्ष जगदीश बुढलाकोटी, मंडल महामंत्री विनोद बुढलाकोटी, महेंद्र दिगारी, प्रकाश भट्ट, पूर्व सैनिक तारादत्त रखोलिया, टीका राम रखौलिया,सोनू रखोलिया,प्रेम बल्लभ जोशी,नंदन मेहरा,राखी स्वयं सहायता समूह, आंचल स्वयं सहायता समूह,आरती स्वयं सहायता समूह के सदस्य तृप्ता सनवाल,जयंती देवी,शांति जोशी, नीमा सामंत,बबीता सामंत,हेमा सामंत, चंद्रा सामंत, भावना देवी, दीपा रखोलिया, पुष्पा बुढलाकोटी, चम्पा बुढलाकोटी आदि उपस्थित रहे।

## दीन दयाल उपाध्याय को किया नमन

खटीमा (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर सितारगंज रोड स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में पहुंचकर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के पद चोन पर चलने एवं उनके जीवन चरित्र का अनुसरण करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज बाजवा, मंडी समिति के अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत, देवेंद्र चंद्र, अमित कुमार पांडे, गोपाल बोरा, कार्तिक चौधरी, राहुल सक्सेना, ललित बिष्ट, तरुण ठाकुर, महेंद्र ठाकुर, संतोष अग्रवाल, सूरज, गंगा सिंह चौहान आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# भूतपूर्व सैनिक जन सेवा समिति का गठन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।भूमिया बैंक्वेट हॉल, कुसुमखेड़ा में भूतपूर्व सैनिकों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें आम जनता की सेवा व भूतपूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान हेतु एक सामाजिक संगठन का गठन किया गया। जिसका नाम भूतपूर्व सैनिक जन सेवा समिति रखा गया व पूर्व सैनिक फौजी सुनील भट्ट को सर्वसम्मति से समिति का अध्यक्ष चुना गया। बैठक को संबोधित करते हुए नव निर्वाचित अध्यक्ष फौजी सुनील भट्ट ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम व विश्व बंधुत्व की भावना से ही पूरे विश्व का कल्याण हो सकता है । आज जहाँ एक देश दूसरे देश को नष्ट करने में लगा हुआ है, तो वहीं लोग धर्म के नाम पर आपस मे लड़ रहे है । उन्होंने कहा कि बीते दिनों हल्द्वानी के बनभूलपुरा में हुए उपद्रव व हिंसा के कारण हमारे बहुत से पुलिसकर्मी, पत्रकार व निगम कर्मचारी घायल हो गए , जो कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है । भविष्य में आगे यदि कभी भी किसी व्यक्ति को ब्लड की जरूरत पड़ती है तो भूतपूर्व सैनिक जन सेवा समिति उनकी बढ़ चढ़ कर मदद करेगा और अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान करेगा। भविष्य में हिंसा/उपद्रव व बवाल होने पर राहगीर , अर्धसैनिक



बलों व पुलिसकर्मियों के चोटिल होने पर भूतपूर्व सैनिकों द्वारा रक्तदान कर ब्लड उपलब्ध कराया जायेगा जिससे उनकी जान को बचाया जा सके । फौजी सुनील भट्ट ने कहा कि हमें व्यक्तिगत स्वार्थ के बजाय सेवा-कार्यों के उद्देश्य से ही सामाजिक संगठनों का गठन करना चाहिए । पारस्परिक सहयोग और त्याग की भावना से ही कोई संगठन प्रगति की और अग्रसर हो सकता है। बैठक में फौजी सुनील भट्ट ने जन कल्याण हेतु ष्भूतपूर्व सैनिक जन सेवा समिति में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आह्वान किया व भूतपूर्व सैनिकों से अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जुड़ने की अपील की और कहा कि भूतपूर्व सैनिक इस संगठन से जुड़ने के लिए उनके नम्बर 9761113222 पर सम्पर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष फौजी सुनील भट्ट ,कैप्टन तेज सिंह, कैप्टन गोविंद सिंह,कैप्टन शंकर सिंह कैप्टन पूरन सिंह,कैप्टन प्रमोद कर्नाटक, कैप्टन नैन सिंह, कैप्टन होशियार सिंह, कैप्टन हरीश कांडपाल, कैप्टन लीलाधर त्रिपाठी, कैप्टन महेश सिंह, कैप्टन जिवेन्द्र सिंह, सूबेदार केदार सिंह, सूबेदार पूरन सिंह, सूबेदार नंदन सिंह, हवलदार सुरेंद्र सिंह, हवलदार चंदन सिंह, हवलदार रघुवीर सिंह, हवलदार जगदीश सिंह व हवलदार रमेश सिंह बोरा समेत कई भूतपूर्व सैनिक उपस्थित थे ।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले)
लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी । डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

## अवैध शराब संग तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास चौकी पुलिस ने चौकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक अरविंद बहुगुणा, कानि. पंकज सजवान व अनिल भारती अवैध मादक पदार्थों कीबरामदगी व रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान गली नंबर 2 जगतपुरा में संदिग्ध रूप से घूमते व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता सुखविंदर सिंह उर्फ सूखा पुत्र मानसिंह निवासी वार्ड नंबर 39 जगतपुरा आवास विकास, ट्रांजिट कैंप बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद प्लास्टिक के गैलन में 18 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर सुखविंदर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

## टूटी किश्तों का सेटलमेंट कराने के नाम पर 20 हजार रुपए हड़पने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। फाइनेंस कराई बाईक की टूटी किश्तों का सेटलमेंट कराने के नाम पर कुछ लोगों ने बाईक स्वामी से 20 हजार रुपए हड़प लिए। सोनू पुत्र राम पाल निवासी कुरैया का कहना है कि उसने अपनी एक बाईक फाइनेस करवायी थी। वह हर महीने किस्ते जमा करता था। इसी बीच उसके घर में कुछ परेशानी आ गई तो 3 किस्ते टूट गई थी। फाइनेंस आफिस में एक व्यक्ति के पास टूटी हुई 3 किस्ते लेकर गया। वह बोला बोला 22 हजार रूपये जमा कर दो तुम्हारा सेटलमेन्ट करवा दूंगा। उसके बाद कोई पैसा नही देना होगा। सोनू का कहना है कि उसने ऑफिस में उनको 20 हजार रूपये नगद दियें तथा कहा बाकी 2000 रूपये जब एनओएस दे दोगे तब दे दूंगा। लेकिन उक्त लोगो में कोई भी पैसा फाइनेस कम्पनी में जमा नही किया। जिसके बाद उसके पास फाइनेंस कम्पनी से फोन आ रहा है कि पैसा जमा करो वरना गाडी छीन लेगे।

## कुषाग्र का अंडर 23 क्रिकेट टीम में चयन

शक्तिफार्म (उद संवाददाता)। ग्रामसभा तीलियापुर निवासी 21 वर्षीय कुषाग्र सिंह का चयन उत्तराखंड क्रिकेट टीम अंडर 23 मे हुआ है। जिससे परिजन सहित क्षेत्र मे खुशी की लहर है। राजकीय इंटर कॉलेज बाराकोट के पूर्व छात्र कुशाग्र सिंह का अंडर 23 स्टेट क्रिकेट टीम में चयन हो गया है। कुशाग्र सिंह ने कक्षा 11 एवं 12 में राजकीय इंटर कॉलेज बाराकोट में अध्ययन किया है। कुशाग्र के पिताजी



विनोद कुमार सिंह राजकीय इंटर कॉलेज बाराकोट में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। कुशाग्र सिंह इससे पूर्व क्रिकेट एसोसिएशन आफ चम्पावत की तरफ से खेलते थे। वह बाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज हैं। टीम में उनका चयन ऑलराउंडर के रूप में हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार कुशाग्र को अब राज्य की तरफ से मैच खेलने पर एक लाख रुपये प्रति मैच फीस मिलेगी। 12 वें खिलाड़ी के रूप में चयन होने पर 50 हजार प्रति मैच फीस मिलेगी। कुशाग्र का चयन होने पर राजकीय इंटर कॉलेज बाराकोट के सभी लोगों ने बधाइयां दी है। कुशाग्र सिंह की शिक्षा होली विजडम स्कूल लोहाघाट से हुई कुशाग्र सन 2016 से चम्पावत क्रिकेट एसोसिएशन से जुड़े है तथा इनका चयन उत्तराखंड क्रिकेट अंडर 23 में जो कि ठब्ब्प् अधीन आता है में हुआ है यह बाये हाथ के तेज गेंदबाज है अभी वर्तमान में यह उत्तराखंड टीम के साथ है जो कि देहरादून में विदर्भ के साथ मैच खेल रही है इनका मूल निवास ग्राम तिलियापुर शक्तिफार्म उधम सिंह नगर है इनके दादा जी श्री बंशीधर सिंह जी जो कि एक पूर्व सैनिक है।बधाई देने वालों में नागेंद्र कुमार जोशी, रमेश राम, दीपक रावत, अतुल नाथ,सुमिंदर यादव आदि है।

## भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में गुरूनानक इंटर कालेज की छात्राओं ने लहराया परचम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। तहसील स्तर की जूनियर लेवल की भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा-2023-24 में गुरूनानक बालिका इंटर कालेज की कक्षा-5 की छात्राओं सामिया नूर, मनप्रीत कौर, दिव्या ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया है। तहसील स्तर की ही सीनियर लेवल की भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा-2023-24 में विद्यालय की कक्षा 10 की छात्रा कु० महिमा सागर ने प्रथम, 11 की छात्रा कु० अंजलि व कक्षा 12 की छात्रा कुछ आशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। जिला स्तर की जूनियर लेवल की भारतीय सस्कृति ज्ञान परीक्षा-2023-24 में विद्यालय की कक्षा-5 की छात्रा कुछ प्रियांशी ने प्रज्यम स्थान प्राप्त किया है। सभी छात्राओं को गायत्री चेतना केन्द्र निकट नन्द विहार कालोनी सेन्ट मेरी स्कूल रूदपुर में प्रातः 11 बजे पुरस्कृत किया गया। इन सभी छात्राओं की उपलब्धि पर से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। श्री गुरुनानक शिक्षा समिति के अध्यक्ष स० दिलराज सिंह व प्रबंधक रा० गुरमीत सिंह व विद्यालय श्री गुरुनानक बालिका इण्टर कालेज के प्रबन्धक स० परमजीत सिंह एडवोकेट व अध्यक्ष स० सुरमुख सिह के साथ ही प्रमानाचार्या श्रीमती प्रीति अग्रवाल व विद्यालय परिवार ने चयनित छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुये त शुभकानायें देते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## चुफाल के निधन पर शोक व्यक्त

हल्द्वानी। उत्तराखंड क्रांति दल के जिला कार्यालय मुखानी में शोक सभा आयोजित कर पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच के संस्थापक बलवंत चुफाल के निधन पर शोक व्यक्त किया गया।कार्यकर्ताओं ने 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने स्वर्गीय चुफाल को पहाड़ का सच्चा हितैषी बताया। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से उक्रांद महिला नेत्री श्रीमती विजय ध्यानी, महामंत्री सुशील उनियाल, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश चंद्र भट्ट ,प्रताप सिंह चौहान, दिनेश नौटियाल ,सुभाष रावत, अंकुर सिंह, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष काजल रावत,कंचन जोशी, महानगर अध्यक्ष हरीश जोशी, सुरेश जोशी आदि लोग उपस्थित थे।

सस्ते प्लाट
- भूरारानी, नगर निगम क्षेत्र में सबसे सस्ते प्लॉट,7000,8000 रू.प्रति गज।
- 30 ×60 गज की बेहतरीन कोठी मलिक कॉलोनी
- 3.67 एकड़ कृषि/ कॉमर्शियल भूमि गदरपुर रोड दानपुर
-शीघ्र सम्पर्क करें-
9897064707

## ये कैसी सख्ती ,खुलेआम टूट रहे नियम!

रुद्रपुर। एक ओर ट्रैफिक पुलिस यातायात माह के दौरान यात्री और वाहन चालकों को नियमों का पाठ पढ़ा रही है। वहीं दूसरी ओर सार्वजनिक वाहन चालक खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए शहर भर में वाहन दौड़ा रहे है। उन्हें न तो ट्रैफिक पुलिस व सीपीयू की कार्रवाई की फिक्र है और न ही आरटीओ से लाइसेंस निरस्त होने का डर। वाहन चालक आसानी से ट्रैफिक पुलिस, आरटीओ व सीपीयू के अफसरों को चकमा देकर वाहन निकाल ले जाने में कामयाब हो गए। इनकी लापरवाही कभी भी यात्रियों की जान पर भारी पड़ सकती है। तेज रफ्तार से दौड़ रहे इन वाहनों का कभी हादसा हो जाए तो इनमें ठूंस-ठूंस कर भरी सवारियों को गंभीर चोटें आएंगी। इन वाहनों में न तो प्राथमिक चिकित्सा सुविधा मौजूद है न ही अग्निशमन यंत्र। **( फोटो एवं विवरण- दीपक शर्मा )**

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817







# दंगे के दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा: भट्ट





## केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट ने हल्द्वानी में हुई हिंसा में घायल पत्रकारों, निगम कर्मचारीयों और पुलिस कर्मियों से भेंट कर हाल चाल जाना

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अजय भट्ट ने रविवार को हल्द्वानी के बनभूलपुरा क्षेत्र में हुए उपद्रव और दंगे में घायल पत्रकारों व निगम कर्मचारीयों और पुलिस कर्मियो एवं अन्य घायलो का हाल-चाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। साथी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व शांति व्यवस्था बनाने में लगे अधिकारियों से भी वार्ता की। केंद्रीय मंत्री श्री अजय भट्ट ने रविवार को सर्वप्रथम बृजलाल अस्पताल पहुंचकर घायल पत्रकार बंधु का हाल-चाल जाना। इसके बाद श्री भट्ट कृष्णा हॉस्पिटल पहुंचे जहां बनभूलपुरा दंगे में घायल लोगों से मिले और उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की । जिसके बाद श्री भट्ट कोतवाली पहुंचे जहां उन्होंने पथराव और आगजनी में घायल हुए पुलिस कर्मचारी व महिला पुलिस कर्मचारियों से मुलाकात की । साथ ही एसएस पी प्रहलाद नारायण मीणा से वार्ताकार पूरे घटना की विस्तृत जानकारी ली। श्री भट्ट ने सभी घायलों का हाल-चाल जानते हुए उनको हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। तत्पश्चात देर रात्रि में श्री अजय भट्ट प्रेस छाया कार श्री राजेंद्र बिष्ट बबली के आवास में पहुंचकर उनका हाल-चाल



भी जाना। श्री भट्ट ने सभी अस्पतालो और जिला प्रशासन से वार्ता करते हुए उन्हें बेहतर उपचार दिए जाने के निर्देश दिए साथ ही पुलिस कर्मचारियों का हौसला अफजाई भी किया। इस दौरान उनके साथ जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिला महामंत्री नवीन भट्ट, गोपाल रावत, प्रताप रैकवाल, सचिन साह, मुकेश बेलवाल, कमलेश जोशी आदि लोग उपस्थित थे। इस दौरान मीडियासे वाता करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्रीअजय भटट ने कहा कि हल्द्वानी पहुंचकर पिछले दिनों बनभूलपुरा में उपद्रवियों द्वारा हमले में घायल हुए पुलिस कर्मचारी, महिला पुलिस कर्मियों, नगर निगम कर्मी, प्रशासन कर्मचारी व पत्रकार साथियों का हाल-चाल जाना। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व शांति व्यवस्था में लगे विभिन्न अधिकारियों से वार्ता कर घटना की विस्तृत जानकारी ली। बनभूलपुरा की इस घटना में जिन उपद्रियों ने इस जघन्य अपराध को अंजाम दिया है उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जा रही है। मैं सभी से सौहार्दपूर्ण एवं शांति व्यवस्था की अपील करता हूं और कानून सख्ती से अपना काम कर रहा है दोषियों को बक्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के दौरान हिंसा करके उपद्रवियों ने कानून के साथ खिलवाड़ किया गया है।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों पर किया मंथन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भाजपा के गांव चलो अभियान के तहत पूर्व वाइस चेयरमैन नत्थूलाल गुप्ता ने मॉडल कालोनी वार्ड 26,बूथ संख्या 135 में प्रवास किया।इस दौरान शक्ति केंद्र संयोजक शैलेन्द्र रावत के कार्यालय पर बूथ अध्यक्ष सर्वांशु द्विवेदी व वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर मंथन किया। इस दौरान पूर्व वाइस चेयरमैन नत्थूलाल गुप्ता ने अबकी बार 400 पार का नारा लगाते हुए केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियां के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश को अनोखी पहचान मिली है और पीएम मोदी अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक अपनी योजनाओं का लाभ पहुंचने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, जिनका लाभ प्रत्यक्ष रूप से आम जनता को मिल रहा है । उत्तराखंड में धामी सरकार उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए बिना किसी भेदभाव के निरंतर काम कर रही है । गुप्ता ने वरिष्ठ पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में जी जान से जुटने को कहा। इस मौके पर शक्ति केंद्र संयोजक शैलेंद्र रावत और बूथ अध्यक्ष सर्वांशु द्विवेदी ने कहा की बूथ की मजबूती से ही चुनाव आसानी से जीता जाता है। बूथ जीता चुनाव जीता



के स्लोगन को लेकर हम लोग बूथ स्तर से प्रत्येक बिंदु पर काम कर रहे हैं और निश्चित रूप से हम लोग प्रत्येक बूथ जीतेंगे और उत्तराखंड में फिर भाजपा की ऐतिहासिक जीत का परचम लहराएंगे। इस मौके पर पार्षद रजनी रावत,शक्ति केंद्र संयोजक शैलेंद्र रावत,बूथ अध्यक्ष सर्वांशू द्विवेदी,प्रिंस गुप्ता,वैभव खंडेलवाल,पूर्व मंडल महामंत्री शैलेंद्र कोली,अनूप सिंह रावत,जानकी रावत,हरदीप सिंह नितेश शर्मा,मुकर्रम हुसैन, डॉक्टर सतीश अरोड़ा,धर्मपाल, राजेश कुमार,पूर्व जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा संतोष दिवाकर आदि लोग उपस्थित थे ।



# बूथ कार्यकर्ताओं को दी योजनाओं की जानकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित गांव चलो अभियान के अंतर्गत कालाढूंगी विधानसभा के मुखानी मण्डल में बूथ संख्या 96 देवलचौड 2 में प्रवासी के रूप में जिला महामंत्री भाजपा रंजन सिंह बर्गली का प्रवास रहा। जिसमें बूथ कमेटी एवं पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक कर सत्यापन कार्य पूर्ण किया गया।इस अवसर पर केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न



जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और बूथ में किए जाने वाले करणीय कार्यों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता बूथ अध्यक्ष हरीश बिष्ट ने की। जिसमें मंडल मंत्री शेखर बिष्ट, शक्तिकेंद्र संयोजक मोहन सिंह गौनिया, रेशम फेरडेशन के अध्यक्ष रेवाधर ब्रजवासी, अंजलि कुंवर, कमल कफलतिया सहित बूथ समिति के सभी पदाधिकारी, पन्ना प्रमुख उपस्थित रहे।

## केन्द्रीय मंत्री भट्ट ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय को किया नमन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट रविवार को पंतनगर पहुंचे जहां उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए तो वही स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनी। केंद्रीय मंत्री श्री भट्ट अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को पंतनगर पहुंचे जहां उन्होंने प्रखर राष्ट्रवादी, उत्कृष्ट संगठनकर्ता, अंत्योदय एवं एकात्मक मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए नमन किया। इस दौरान श्री भट्ट ने विभिन्न क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधियों व लोगों से मुलाकात के साथ ही उनकी समस्याओं को सुना और लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दूरभाष पर निर्देश दिए।

# कार्यकर्ता जन जन तक पहुंचायें सरकार की नीतियां: चुघ

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। गांव चलो अभियान के तहत किच्छा विधानसभा के प्रभारी भारत भूषण चुघ ग्राम सभा कोरिया चकोनी बूथ संख्या 14 पर पहुंचे। जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और आने वाले लोकसभा में कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत फिर से केंद्र में अपनी सरकार बनाएगी, जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनेगा ।उन्होंने कहा कि पिछले दो कार्यकाल में पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत बेहद मजबूत स्थिति में पहुंचा है और दुनिया की पांचवीं इकोनामी बन चुका है और आने वाले 5 सालों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के




कार्यकाल के दौरान समाज के सभी वर्गों का सम्मान हुआ है, और पुन: देश की जनता केंद्र में भाजपा की सरकार देखना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए भाजपा की रीति नीति से जन-जन को अवगत करायें ,और अपने बूथ को मजबूत करें। क्योंकि प्रत्येक बूथ पर प्रत्येक यूथ का होना आवश्यक है। यूथ की बदौलत ही बूथ पर जीत हासिल की जा सकती है। चुघ ने कहा उत्तराखंड में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इतिहास रचते हुए यूसीसी कानून लागू किया है जो देश का पहला राज्य बना है। उन्होंने कहा कि यूसीसी कानून लागू होने से सभी को समान अधिकार मिलेंगे और महिलाओं का उत्थान होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सदैव समाज के उत्थान और विकास के लिए प्रयासरत है और भाजपा की यह मजबूती कार्यकर्ता की ताकत से ही संभव हुई है ,ऐसे में भाजपा के कार्यकर्ता आने वाले लोकसभा चुनाव में मजबूती से जुड़ जाएं और पीएम मोदी के अबकी बार 400 पार नारे को सार्थक करें। इस दौरान हरमीत सिंह कामरा, राजवंत सिंह ,मनजीत सिंह, परमजीत सिंह ,राजीव मुंजाल, कल्याण सिंह, प्रेम सिंह, कालूराम, दीपक, सिमरन, प्रभात मुंजाल ,महेंद्र सिंह ,कृष्ण लाल, मुलख राज ,अशोक भुसरी, अशोक भुसरी, सोमनाथ, प्रज्वल, हरीश कालरा, सुभाष चुघ,तलवीर सिंह, राजकुमार लोहिया, कल्याण सिंह , मोहित मिडडा, वैभव मिडडा, मनजीत सिंह, परमजीत सिंह ,धर्मपाल , विकास मुंजाल आदि मौजूद थे।

# सैकड़ों कांग्रेसियों ने भाजपा का दामन थामा

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। कांग्रेस नेताओं का पार्टी छोड़ने का सिलसिला रुक नहीं रहा है। जिला पंचायत सदस्य समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया है। केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने सभी का स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी के विकास कार्य से प्रभावित होकर जिला पंचायत सदस्य नीलम राणा, ब्लॉक महिला अध्यक्ष सरिता राणा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पवन राना, सतपाल सिंह गोल्डी, सुरेश राणा, हरीश राणा,जगदीश राणा ,संजय दीपक सहित सैकड़ों लोगों ने भाजपा का दामन थाम लिया। रक्षा राज्य केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट सभी का स्वागत किया। भट्ट ने कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए आगामी चुनाव को लेकर कमर कसने को कहा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की जनकल्याणी योजनाओं का प्रचार प्रचार करें। पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा ने कहा है कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विकास कार्यों के चलते सभी दलों के लोग भाजपा ज्वाइन कर रहे हैं। धामी के विकास कार्य के चलते युवाओं का रुझान भाजपा की ओर बढ़ रहा है। प्रदेश में चौमुखी विकास हो रहा है विकास का पहिया तेजी से दौड़ रहा है। इस मौके पर केडी गहतोड़ी उमेश अग्रवाल, विकास गुलाटी, इंद्रपाल सिंह मान, आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।





# कृफ्यू ग्रस्त क्षेत्र में कराया घरेलू गैस का वितरण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कुमाऊं मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक एपी वाजपेई ने बताया है कि नगर के कर्फ्यू क्षेत्र के लाइन नंबर 17, किदवई नगर, इंदिरा नगर, नई बस्ती, लाइन नंबर 08 के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भारत और इंडेन गैस का वितरण कराया गया। गौरतलब है कि विगत दिवस केएमवीएन ने कर्फ्यू क्षेत्र को छोड़कर अन्य स्थानों में गैस आपूर्ति सुचारू की थी। वहीं गत दिवस कर्फ्यू प्रभावित क्षेत्र में भी गैस का वितरण कर दिया गया है। कर्फ्यू प्रभावित क्षेत्र में गैस के साथ ही सब्जी, दूध आदि सामग्री वेंडर के माध्यम से पहुंचाई गई ।



# केंद्रीय मंत्री भट्ट ने गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब में माथा टेका

नानकमत्ता( उद संवाददाता )। केंद्रीय रक्षा राज्य एवं पर्यटन मंत्री अजय भट्ट गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब पहुंचे। श्री भट्ट के यहां पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। श्री भट्ट कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनके साथ श्री नानकमत्ता साहिब दरबार पहुंचे और दरबार साहिब मे शीश नवाकर प्रदेश की खुशहाली की अरदास की। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से श्री भट्ट को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। माथा टेकने के बाद श्री भट्ट का काफिला ग्राम पिपलिया पिस्तौर में आयोजित गांव चलो अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ के लिए रवाना हो गया। गांव पहुंचने पर वहां मौजूद सैकड़ो गांव वासियों ने श्री भट्ट का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए श्री भट्ट ने गांव वासियों को संबोधित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार सरकार की उपलब्धियां गिनवाई और साथ ही विभिन्न लाभप्रद योजनाओं से भी अवगत कराया गया। इस मौके पर पूर्व विधायक डॉ प्रेम सिंह राणा, केडी गहतोड़ी,उमेश अग्रवाल, नंदन सिंह खडयात,वरुण अग्रवाल, इंद्रपाल सिंह मान, जगजीत सिंह, गौरव वर्मा विकास गुलाटी, सोनू पतोला, ओम नारायण राणा आदि कार्यकर्ता सहित तमाम ग्रामवासी मौजूद थे।



# विधायक शिव ने भदईपुरा में बूथ पर किया प्रवास

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। भाजपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश अनुसार शुरू हुए गांव चलो अभियान के तहत विधायक शिव अरोरा ने प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में बूथ नं. 94 भदईपुरा में प्रवास किया। इस दौरान भदईपुरा पहुँचे विधायक शिव अरोरा ने बूथ की कमेटी के साथ बैठक की। साथ ही आगामी चुनाव को देखते हुए बूथ की कमेटी के सदस्यों को कमर कसने को कहा। उन्होंने कहा कि कुछ ही दिनों में लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने वाला है जिसको देखते हुए भारतीय जनता पार्टी अपनी तैयारी को बूथ स्तर पर भी मजबूत करने की दिशा में यह गांव चलो अभियान चलाया गया हैं। शिव अरोरा ने पैदल भ्रमण कर जनसम्पर्क करते हुए केंद्र सरकार की योजनाओं के पत्रक वितरित कर आमजन को सरकार की जनकल्याणी योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही विधायक ने मन्दिर में भगवान शिव के दर्शन कर समस्त क्षेत्र के सुख समृद्धि की कामना की। विधायक अरोरा ने कहा हमारी पार्टी का पहले से ही मंत्र रहा है कि बूथ जीता चुनाव जीता। भदईपुरा क्षेत्र हिंदुत्व और भाजपा का गढ़ रहा है जहां से कमल का फूल एक तरफा परचम लहराता है। हमको पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दस साल के जनसेवा को समर्पित कार्यकाल को देश की जनता सरहाने वाली है और रुद्रपुर विधानसभा से भी हम पहले से भी बड़े अंतर से लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करेंगे। हाल ही में प्रदेश की धामी सरकार ने प्रदेश में समान नागरिक सहिता को विधानसभा में पारित करा कर ऐतिहासिक कार्य किया है। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने बूथ कमेटी को सक्रिय भूमिका में रहने को कहा।इस दौरान भाजपा नेता वेद ठुकराल , बूथ अध्यक्ष हरप्रीत सिंह, राजेश यादव,स्वाति शर्मा, रजनी रावत, अनमोल विर्क, ममता त्रिपाठी, मयंक कक्कड़, सुनील यादव, विकास सागर, आशीष यादव, कौशल शर्मा, सुरेश शर्मा, महावीर कश्यप, सुमित यादव, सूरज पांडेय, नमन चावला, मोर सिंह यादव,सुनील सागर आदिसहित अन्य लोग मौजूद रहे।





# भाजपा सरकार में हर वर्ग का हो रहा विकासः रामपाल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गांव चलो अभियान के तहत निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने बूथ क्र. 206 के मोहनपुर बूथ पर रात्रि प्रवास किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को केन्द्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताई। साथ ही लाभार्थियों के घर पर भी गये। राष्ट्रीय नेतृत्व के आहवान पर चलाये जा रहे गांव चलो अभियान के तहत निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह को मोहनपुर बूथ पर रात्रि प्रवास की जिम्मेवारी सौंपी गयी थी। जिसके तहत रामपाल सिंह ने यहां पहुंचकर रात्रि प्रवास किया और ग्रामीणों से मुलाकात कर उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से भी मुलाकात की। लाभार्थियों ने केन्द्र और प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रामपाल सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की धामी सरकार हर वर्ग के लोगों के विकास के लिए कार्य कर रही है। योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। केन्द्र सरकार ने हाल ही में अयोध्या में भव्य मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कर करोड़ों हिंदुओं का सपना पूरा किया है। वहीं उत्तराखण्ड के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूसीसी विधेयक विधानसभा में पारित करके इतिहास रचने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखण्ड विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विशेष लगाव उत्तराखण्ड से रहा है जिसका लाभ इस छोटे प्रदेश को मिल रहा है। रामपाल सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल में गाँव और गरीब की समस्याओं के निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया है। जिसके फलस्वरूप गाँव में रहने वाले दलित, पिछड़े और सरकारी लाभ से वंचित लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिला है। चाहे वह उज्जवला योजना का रसोई गैस हो या फिर प्रधानमंत्री आवास योजना, पात्रों को बिना भेदभाव लाभ दिया गया है। गाँव हो या शहर निर्बाध बिजली की सुविधा और कड़ी कानून व्यवस्था सरकार की प्राथमिकता में शामिल है जिससे आम लोगों का जीवन आसान हुआ है। उन्होंने कहा कि गाँव चलो अभियान के तहत पार्टी का उद्देश्य जन सामान्य से संवाद स्थापित कर उनसे सरकारी योजनाओं की जानकारी देना है। रामपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी में जोर शोर से जुटने का आहवान भी किया।



# बनभूलपुरा में स्वास्थ्य सेवाएं की सुचारू

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर कर्फ्यू ग्रस्त बनभूलपुरा क्षेत्र में आवश्यक सेवाओं को सुचारु करने के साथ ही मेडिकल स्टोर खुलवाए गए। साथ ही बनभूलपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सुचारू कर दिया गया है।रविवार को कर्फ्यू ग्रस्त बनभूलपुरा क्षेत्र में प्रशासन की टीम ने आवश्यक सेवाओं को बहाल किया जोनल मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने आवश्यक सेवाओं को सुचारू करवाया और बीमार लोगों के लिए बनभूलपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सुचारु किया। इसके अलावा लाइन नंबर 17 निवासी डेढ़ वर्षीय मोहम्मद इजहान जो की बीमारी से ग्रसित था उसे बनभूलपुरा चिकित्सालय में ले जाकर इलाज के उपरांत राजकीय वाहन से घर तक छोड़ा गया। प्रशासन शांति व्यवस्था के साथ-साथ आवश्यक सेवाओं को सुचारू कर रहा है।



# एससी एसटी आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।एससी एसटी आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण हालदार के रुद्रपुर पहुंचने पर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ समेत तमाम गणमान्य लोगों ने उनका स्वागत किया। श्री हालदार रुद्रपुर रेलवे स्टेशन पहुंचे। जिसकी जानकारी मिलने पर भारत भूषण चुघ समेत वरिष्ठ अधिवक्ता गजेंद्र सिंह संधू ,पूर्व मेयर रामपाल सिंह ,राजकुमार शाह, विनय बतरा ,अरविंद, विश्वजीत गिल ,राज कोली ,हरीश चौधरी रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने एससी एसटी आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण हालदार को श्रीमद् भागवत गीता देकर उनका स्वागत किया, श्री हालदार ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार एससी-एसटी समाज के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है और पिछले लगभग 10 वर्ष के कार्यकाल में एससी एसटी समाज के लिए अनेक लाभकारी योजनाएं चलाई गई हैं ,जिनका समाज के लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में भी केंद्र में भाजपा की सरकार बनेगी और समाज के एससीएसटी वर्ग के उत्थान के लिए और भी योजनाएं लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज एससी एसटी समाज के लोग विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं।भाजपा सरकार के चलते ही यह संभव हो पाया है क्योंकि भाजपा सरकार सभी को एक साथ लेकर विकास की सोच रखती है। आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हालदार ने रुद्रपुर के लोगों का भी आभार जताया।



# निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

सितारगंज( उद संवाददाता)। वार्ड नौ स्थित निजी विद्यालय मे स्पर्श अस्पताल के नेत्र चिकित्सा विशेषज्ञ चिकित्सक द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाया गया। जिसमे 200 से अधिक मरीजों ने जांच करवाई। शिविर का शुभारंभ विधालय स्वामी रविन्द्र कौर माटा ने रिबन काट कर किया। शिविर के द्वारा लगभग एक दर्जन लोगों का मोतियाबिंद आपरेशन भी करवाया गया। वहीं समाजसेवी तेजिन्दर सिह माटा ने बताया कि शिविर में डाक्टरों की टीम के द्वारा बारीकी से मरीजों की जाँच की गयी। जिसमे मरीजों ने नेत्र जांच का निशुल्क लाभ लिया। तेजिन्दर सिहं माटा ने बताया कि वो आगे भी इस तरह के स्वास्थ्य शिविर लगवाएंगे जिससे ज्यादा से ज्यादा मरीजों को निशुल्क जांच का लाभ मिल सके। नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर ऋषिकेश सिंह ने नेत्र परीक्षण किया। मोतियाबिंद के मरीजों की जाँच कर उनके आपरेशन भी किये गये। शिविर नेत्र जांच टीम के डॉक्टर ऋषिकेश सिंह, डा सुरेश, डा युसुफ, डा अमित, समेत आयोजक मंडली के निर्वतमान पालिका अध्यक्ष हरीश दुबे, सर्वजीत सिंह माटा ,हरजीत सिंह माटा,गिरजेश कुमार,रविन्द्र सिंह, रामस्वरूप देवल, पवन देवल,विजय पाल सक्सेना,विनोद सक्सेना, बवलू सक्सेना,सुमित,गुरजोत सिह, गणेश गुप्ता,शिवम श्रीवास्तव, राजू गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# पटाखा कारखाने में विस्फोट

पटाखा निर्माण सदा जोखिमभरा काम होता है। ऐसी जगहों पर काम करने वालों के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की दरकार होती है। मगर हमारे यहां अधिकतर पटाखा कारखाने अव्वल तो अवैध रूप से चलाए जाते हैं और जो पंजीकृत हैं, उनमें भी सुरक्षा के भरोसेमंद उपाय नहीं किए जाते। यही वजह है कि छोटी-सी चिनगारी भी उन जगहों पर बड़े हादसे का रूप ले लेती है।मध्य प्रदेश के हरदा में पटाखा कारखाने में लगी आग इसका ताजा उदाहरण है। इस घटना में ग्यारह लोगों की मौत हो गई और एक सौ चौहत्तर लोग घायल हो गए। सरकार ने घायलों के इलाज का प्रबंध कराया और मृतकों के परिजनों को मुआवजे की घोषणा करके जांच का आदेश दे दिया, जैसा कि ऐसे हर हादसे के वक्त देखा जाता है।मगर यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि पटाखा कारखानों में होने वाले ऐसे हादसों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम कब होंगे। पहले दिवाली के समय किसी लापरवाही के चलते ऐसे हादसे हो जाया करते थे, अब साल भर ऐसी घटनाओं की खबरें आती हैं।दरअसल, पटाखा बनाने का कारोबार काफी बड़े पैमाने पर होने लगा है, इसलिए कि इसकी खपत वर्ष भर बनी रहती है। शादी-ब्याह से लेकर अनेक पर्व-त्योहारों, क्रिकेट आदि के खेलों के समय भी पटाखे फोड़ने और आतिशबाजी का चलन बढ़ता गया है। पहले कुछ जगहों पर पटाखे बनते थे, जहां से पूरे देश में उनका वितरण हुआ करता था, अब हर राज्य में पटाखों के कारखाने खुल गए हैं।पिछले वर्ष बिहार में पटाखा कारखाने में भयावह विस्फोट हुआ था, जिससे आसपास के मकान भी ढह गए। वह कारखाना थाने से सटी जगह पर अवैध रूप से चलाया जा रहा था। कायदे से पटाखे बनाने के लिए लाइसेंस लेना जरूरी होता है, मगर ज्यादातर मामलों में देखा गया है कि चोरी-छिपे पटाखे बनाए जाते हैं।उनके लिए इतने बड़े पैमाने पर बारूद और दूसरी सामग्री किस प्रकार उपलब्ध होती है, इस पर शायद नजर नहीं रखी जाती। दिवाली के मौके पर पटाखे से फैलने वाले प्रदूषण को लेकर चिंता जताई जाती है, मगर बाकी समय इसे लेकर प्राय: चुप्पी ही बनी रहती है। जब तक पटाखा निर्माण को लेकर कोई व्यावहारिक उपाय नहीं किया जाता, ऐसे हादसों पर अंकुश लगाना कठिन बना रहेगा।

# उत्तराखंड से राज्यसभा की सीट के लिए महेंद्र भट्ट को घोषित किया उम्मीदवार

देहरादून (उद संवाददाता) राज्यसभा चुनाव में उत्तराखंड से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट उम्मीदवार होंगे। रविवार को पार्टी हाईकमान ने उत्तराखंड समेत सात राज्यों में राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किए हैं। भट्ट का राज्यसभा जाना तय है। विधानसभा में भाजपा के पास प्रचंड बहुमत है। भाजपा ने राज्यसभा चुनाव के लिए उत्तराखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल से उम्मीदवारों की घोषणा की है। उत्तराखंड से भाजपा ने कई दिग्गजों को हटाकर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को उम्मीदवार घोषित किया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में बदरीनाथ सीट से चुनाव हारने के बाद भी पार्टी हाईकमान ने भट्ट को प्रदेश भाजपा की कमान सौंपी थी। अब उन्हें राज्य सभा चुनाव के लिए प्रत्याशी बनाया गया। 70 सीटों वाली विधानसभा में भाजपा के पास 47 सीटें हैं। राज्यसभा चुनाव में बहुमत भाजपा के पक्ष है, जिससे भट्ट का राज्यसभा जाना तय है। बता दें कि प्रदेश से राज्य सभा सांसद



अनिल बलूनी का कार्यकाल समाप्त हो रहा है।राज्यसभा सीट के लिए मतदान 27 फरवरी को होगा। 15 फरवरी तक राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन होगा। 16 फरवरी को स्क्रूटनी होगी। 20 फरवरी को नाम वापसी का अवसर मिलेगा। 27 फरवरी को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक विधानसभा में मतदान होगा। शाम पांच बजे से मतगणना होगी। राज्यसभा सांसद की रिक्त सीट के लिए उम्मीदवार घोषित करने पर प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने पार्टी हाईकमान का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही पीएम मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और केंद्रीय संसदीय बोर्ड का आभारी हूं। मुझे जैसे साधारण कार्यकर्ता को जो सम्मान और जिम्मेदारी दी है, उसे में पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाऊंगा। मैं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी आभार प्रकट करता हूं। आश्वस्त करता हूं कि राज्य के विकास के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करूंगा। वहीं प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा ने नेताओं ने उनके मनोनयन पर शुभकमनायें दी है। महेंद्र भट्ट वर्तमान में उत्तराखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। भट्ट चमोली जिले के पोखरी ब्लॉक के ब्राह्मण थाला गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने एमकॉम में उच्च शिक्षा हासिल की है। राम जन्म भूमि आंदोलन में 15 दिनों तक जेल में रहे। राज्य आंदोलन में पांच दिन में पौड़ी जेल में रहे। वर्ष 1991 से 1993 तक युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली। मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य के साथ हिमाचल और महाराष्ट्र के प्रभारी भी रहे। 2005 से 2007 तक प्रदेश सचिव, 2012 से 2014 तक गढ़वाल मंडल संयोजक पद भी संभाला। 2002 में नंदप्रयाग विधानसभा सीट से चुनाव जीते। 2010 से 2012 तक दर्जाधारी राज्य मंत्री रहे। 2017 से 2022 तक बदरीनाथ विधानसभा क्षेत्र से दूसरी बार विधायक चुने गए, लेकिन 2022 के चुनाव में हार का सामना करना पड़ा।

# नये प्रदेश अध्यक्ष पर नहीं होगा प्रयोग,बलूनी लड़ेंगे चुनाव!

देहरादून। आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के एक और चौंकाने वाले फैसले



से उत्तराखंड भाजपा सरप्राइज दे दिया है। पार्टी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट को राज्यसभा का प्रत्याशी बनाया है। राज्यसभा सांसद रहे अनिल बलूनी का छह साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद राज्यसभा की सीट खाली हो गई थी। इस सीट पर 27 फरवरी को चुनाव होना है। लोकसभा चुनाव से पहले महेंद्र भट्ट को उम्मीदवार बनाए जाने के सियासी मायने हैं। भट्ट ब्राह्मण चेहरा हैं और भाजपा केंद्रीय नेतृत्व का उन्हें राज्यसभा में भेजे जाने के फैसले को जातीय समीकरणों में संतुलन साधने की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है। जब तक भाजपा नेतृत्व ने राज्यसभा का टिकट तय नहीं किया था, तब संभावना अनिल बलूनी को रिपीट किए जाने की भी मानी जा रही थी। केंद्रीय संगठन में बलूनी लंबे समय से राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभा रहे हैं। अब उन्हें भी पौड़ी गढ़वाल लोकसभा सीट का एक दावेदार माना जा रहा है। सियासी जानकारों का मानना है कि ऐसी अटकलों के बीच महेंद्र भट्ट को प्रत्याशी बनाकर पार्टी ने अपने कैडर को सम्मान दिए जाने का संदेश देने की कोशिश की है। साथ ही प्रदेश कैबिनेट में प्रतिनिधित्व से वंचित चमोली जिले को राज्यसभा में प्रतिनिधित्व दिलाकर लंबे समय से चली आ रही कसक को दूर करने का प्रयास किया है। राज्यसभा सदस्य का चुनाव विधायक करते हैं। उत्तराखंड विधानसभा में भाजपा के 47 विधायक हैं। 19 विधायक कांग्रेस के हैं। दो निर्दलीय और बीएसपी का एक विधायक हैं, एक का निधन हो चुका है। वोटों के गणित के हिसाब महेंद्र भट्ट का राज्यसभा जाना तय है। महेंद्र भट्ट को राज्यसभा का प्रत्याशी बनाए जाने के बाद सियासी हलकों में यह चर्चा भी गरमा गई है कि उनके निर्वाचित होने के बाद प्रदेश पार्टी का नया कप्तान बनाया जाएगा। बताया जा रहा है कि नये प्रदेश अध्यक्ष की ताजपोशी को लेकर नया प्रयोग नहीं होगा। पार्टी में कई राज्यसभा सदस्य हैं जिनके पास संगठन की भी जिम्मेदारी है। उत्तराखंड भाजपा के प्रभारी दुष्यंत गौतम और भाजपा के राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष नरेश बंसल राज्यसभा के सदस्य हैं। भट्ट ब्राह्मण चेहरा हैं। साथ ही सीमांत जिले चमोली की बदरीनाथ विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। 2022 का विधानसभा चुनाव वह हार गए थे। मदन कौशिक के हाथों से संगठन की कमान लेकर भट्ट को थमाई गई थी। उनके करीब दो साल हो गए हैं।

# इस वर्ष एक हजार छात्र दूसरी बार देंगे परीक्षाफल सुधार परीक्षा

देहरादून। उत्तराखंड बोर्ड की 27 फरवरी से शुरू हो रही वर्ष 2024 की मुख्य परीक्षा में परीक्षा वर्ष 2023 के एक हजार से अधिक परीक्षार्थी दूसरी बार परीक्षाफल सुधार परीक्षा देंगे। परीक्षा देने वालों में 646 परीक्षार्थी 10वीं और 442 छात्र 12वीं के हैं।इसके बाद इन छात्र-छात्राओं को परीक्षा देने का एक अन्य मौका मिलेगा। उत्तराखंड बोर्ड में पहली बार इस तरह की व्यवस्था की गई है कि 10वीं में दो और 12वीं में एक विषय में फेल छात्र परीक्षाफल सुधार परीक्षा दे सकते हैं। फेल छात्र-छात्राओं के अलावा वे छात्र भी परीक्षा दे सकते हैं, जो यह समझते हैं कि उन्हें कम अंक मिले हैं।मुख्य परीक्षा के अलावा ऐसे छात्र-छात्राओं को परीक्षाफल सुधार के तीन अवसर दिए जा रहे हैं। जो परीक्षा देकर वह अपना परीक्षाफल सुधार सकते हैं। विभाग के मुताबिक, वर्ष 2023 की मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद दो महीने बाद परीक्षाफल सुधार परीक्षा कराई गई थी। इसके बाद अब 27 फरवरी से मुख्य परीक्षा के साथ दूसरी परीक्षाफल सुधार परीक्षा होगी। परीक्षाफल सुधार परीक्षा से 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं को पास होने का अवसर मिल रहा है। यदि कोई छात्र 10वीं में दो और 12वीं में एक विषय में फेल है।




# अब बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में रहेगा कर्फ्यू

## हिंसा के बाद बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा क्षेत्र में बेबसी और दहशत के मंजर को बयां कर रही

हल्द्वानी। हल्द्वानी जिला प्रशासन ने कर्फ्यू को लेकर रविवार को आदेश जारी किया है। डीएम वंदना के अनुसार अब बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ही कर्फ्यू रहेगा। अन्य क्षेत्र कर्फ्यू मुक्त रहेंगे। जोनल मजिस्ट्रेट और कुमाऊं मंडल विकास निगम के जीएम एपी वाजपेयी ने बताया कि बनभूलपुरा थाना क्षेत्र को छोड़कर शेष क्षेत्रों में विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र सोमवार से खुलेंगे। कुमाऊं विश्वविद्यालय और उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) की परीक्षाएं भी सोमवार से शुरू हो जाएंगी। यूओयू के परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि एलबीएस हल्दूचौड़, एमबीपीजी हल्द्वानी और राजकीय डिग्री कॉलेज रामनगर में यूओयू की परीक्षाएं 12 फरवरी से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएंगी। नौ और 10 फरवरी को रद्द हुए पेपर के संबंध में नई तारीख की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से जारी की जाएगी। बता दें कि बृहस्पतिवार शाम से कर्फ्यू के कारण हल्द्वानी क्षेत्र में कक्षा 12 तक के सभी सरकारी और निजी स्कूल बंद थे। इंटरनेट सेवा बाधित होने के कारण छात्र ऑनलाइन पढ़ाई से भी वंचित थे। पुलिस ने उपद्रवियों को चिह्नित करने की कार्रवाई में पूरी ताकत झोंक दी है। हल्द्वानी हिंसा में पूछताछ के लिए हिरासत में लिए 90 से अधिक संदिग्धों को पुलिस ने गौलापार में बनाई अस्थायी जेल में डाला है। पुलिस इन सभी के चेहरे सीसीटीवी फुटेज, फोटो, वीडियो से मिला रही है। इसके साथ अन्य साक्ष्य भी जुटाए जा रहे हैं। पुलिस लगातार उपद्रवियों की पहचान में जुटी है। उपद्रवियों को हिरासत में लेने का सिलसिला जारी है। रविवार को 30 लोगों को पुलिस ने पूछताछ के बाद छोड़ दिया। उधर दोबारा दबिश देकर 30 से अधिक लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस ने इन्हें रखने के लिए गौलापार कुंवरपुर के एक स्कूल में एक अस्थायी जेल बनाई है। इस जेल में 90 से अधिक लोगों को रखा गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कई उपद्रवियों ने पुलिस को कुछ साक्ष्य भी उपलब्ध कराए हैं। पुलिस इन उपद्रवियों का लिंक तलाश कर रही है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा का कहना है कि 12 टीमें लगातार धरपकड़ कर रही हैं। जल्द ही उपद्रवियों और मास्टरमाइंड को पुलिस गिरफ्तार कर लेगी। पुलिस कॉल डिटेल और संदिग्धों के मोबाइल को खंगाल रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मोबाइल से 150 से अधिक फोटो, वीडियो पुलिस ने कब्जे में लिए है। गिरफ्तार आरोपियों की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है। पुलिस को कुछ मोबाइल फोन में बरेली, यूपी में रहने वाले लोगों के नंबर भी मिले हैं। इन नंबरों से हिंसा से पहले और बाद में लगातार बात हो रही थी। वहीं हिंसा के बाद बनभूलपुरा के मलिक का बगीचा क्षेत्र बेबसी और दहशत के मंजर को बयां कर रही है। सुनसान सड़कों पर जले हुए वाहनों के अवशेष आग की भयावहता को बता रहे हैं। रविवार की सुबह नमरा मस्जिद के पास कब्रिस्तान से लगी सड़क से होते हुए मलिक के बगीचे तक पहुंचे तो तबाही का मंजर नजर आया। हर तरफ सन्नाटा पसरा था। आधे-अधूरे ढंग से ढहाए गए अतिक्रमण के पत्थर बिखरे हुए थे। मलिक का बगीचे के पास से गोपाल मंदिर को जाने वाले रास्ते में जहां-तहां जली हुईं गाड़ियां नजर आई। अतिक्रमण तोड़ने गई तीन जेसीबी मशीनें जली हुई थीं। एक पिकअप वाहन पलटा हुआ था। उसमें भी तोड़फोड़ की गई थी। इसके पीछे खड़ा एक मालवाहक छोटा वाहन पूरी तरह से जला पड़ा था। यहां एक दुकान में आग की भयावह के निशान जरूर थे। शटर टूटा और मुड़ा हुआ था। शटर और मकान में लगी कालिख आग के निशान बता रही थी। पुलिस के बेरिकेडिंग जहां-तहां पड़े थे। कई चार पहिया और दो पहिया वाहनों का जला हुआ अवशेष पड़ा था। इससे आगे नगर निगम का ट्रैक्टर और उसके पास एक कार जली हुई थी। मलिक के बगीचे के चारों ओर के घरो में ताले लटके हुए थे। ऐसा लग रहा था कि यहां कोई रहता ही न हो। कुछ घरों में लोग जरूर थे लेकिन न तो कोई बाहर निकलने की हिम्मत जुटा रहा था और न झांकने की। हालांकि कुछ घरों से छोटे बच्चे जरुर छिपछिपकर बाहर देखने की कोशिश कर रहे। मलिक के बगीचे को जाने वाली तीनों गलियों में दोनों तरफ के घरों में ताले लटके हुए थे। लोग परिवार सहित इलाके को छोड़कर जा चुके थे। गलियों में पसरा सन्नाटा दहशत बताने के लिए काफी था। कुछ जगह घर पर लोग थे, जो बाहर देख रहे थे मगर फिर अंदर चले जा रहे थे। मलिक के बगीचे को जाने वाली गलियों से कई लोग बाहर आते नजर आए। कोई मुंह छिपाकर बचते हुए निकल गया, तो कोई बात न करने की बात कहने लगा।






# तमंचा और चाकू के साथ दो शातिर दबोचे

## चोरी की घटना को अंजाम देने की कर रहे थे तैयारी



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। चोरी की घटना को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे दो शातिर चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से तमंचा और चाकू बरामद किया गया है। सम्बंधित धाराओं में दोनों का चालान करने के बाद दोनों कोर्ट में पेश किया गया जहां से जेल भेजने की कार्रवाई की गयी। जानकारी के मुताबिक संदिग्धों के खिलाफ चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान रविवार रात पुलिस ने गश्त के दौरान बिलासपुर रोड पर संदिग्ध अवस्था में दो लोगों को घूमते देखा। जिसने पूछताछ की गयी तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाये। तलाशी लेने पर दोनों के कब्जे से एक-एक अवैध तमंचा व चाकू बरामद हुआ। दोनों नें अपने नाम आकिब खान पुत्र जमील अहमद खान निवासी मोहल्ला साहूकारा बिलासपुर रामपुर और शादाब पुत्र मुन्ने निवासी मोहल्ला शेरीमियां थाना विलासपुर रामपुर बताये। पूछताछ में पता चला कि दोनों ही बिलासपुर क्षेत्र के शातिर चोर हैं जो पूर्व में कई बार जेल जा चुके हैं। सख्ती ने पूछताछ पर दोनों ने बताया कि वे नशे के आदी हैं आजकल वह बिलासपुर क्षेत्र से सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों से बैटरी चोरी कर रहे हैं। रविवार को भी वह सेल टैक्स आफिस के परिसर में खड़ी सीज गाड़ियों से बैटरी चोरी करने के फिराक में थे। दोनों को न्यायालय में पेश करने के बाद कोर्ट भेजने की कार्रवाई की गयी है। पुलिस टीम में रम्पुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी, कांस्टेबल अमित जोशी, महेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

# पुरानी पेंशन बहाली के लिए उठाई आवाज

बागेश्वर(उद संवाददाता)।पुरानी पेंशन बहाली करने की राज्य कर्मियों द्वारा लम्बे समय से मांग की जा रही है।वही पूर्व में पेंशन बहाली की मांग के बावजूद राज्य और केंद्र सरकार द्वारा कर्मियों को आश्वासन के बाद अब तक ठगी करने से कर्मचारियों में रोष है।अपनी मांग को लेकर कर्मियों ने पुन: सरकार को चेताने के लिए चीते की दहाड़ लगाई है। पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़े लोगों ने रविवार को जिला मुख्यालय में विशाल जुलूस निकालकर जिलाधिकारी कार्यालय में धरना दिया और जल्द कर्मियों के हितों की अनदेखी करने पर राज्य कर्मचारियों द्वारा उनके परिजनों रिश्तेदारों सहित अन्य लोगों द्वारा सरकार के विरुद्ध आगामी चुनाव में सरकार के विरुद्ध मतदान करने की चेतावनी दी।व ही सरकारी कर्मियों ने कहा कि पेंशन पाना हर कर्मी का अधिकार है,बुढ़ापे में पेंशन ही कर्मी और कर्मियों के परिजनों का एकमात्र सहारा होती है, कर्मियों ने राज्य और केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश जताते हुए जल्द देश के विभिन्न राज्यो के कर्मियों द्वारा दिल्ली में जंतर मंतर में धरने के बाद भी कोई सुध नही लेने और लाखों राज्य कर्मियों के विरोध प्रदर्शन के बाद गोदी मीडिया द्वारा विशाल और अभूतपूर्व धरने को गोदी मीडिया द्वारा प्रसारित भी नही किया गया। वही कर्मियों ने डीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा है। जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है। ज्ञापन में कर्मचारियों का कहना है कि एक जनवरी 2004 को सभी केंद्रीय कर्मचाारियों के लिए नई पेंशन योजना लागू कर दी गई। जिसके क्रम में उत्तराखंड सरकार ने भी अपने सभी कर्मचारियों के लिए एक अक्टूबर 2005 से पुरानी पेंशन को समाप्त कर नई पेंशन योजना लागू कर दी। एनपीएस जो शेयर बाजार पर आधरित है। सभी शिक्षक, कम्रचारी अपने भविष्य के प्रति चिंतित हैं। उत्तराखंड के सभी कर्मचारी 2017 से पुरानी पेंशन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। पुरानी पेंशन में कर्मचारियों का हित सुरक्षित हैं। उन्होंने जल्द समस्या का समाधान की मांग की है। इस मौके पर अध्यक्ष नरेंद्र पालनी, दिनेश खेतवाल, संतोश जोशी, प्रदीप गड़िया, केवलानंद धोनी, संजय कुमार टम्टा,हरेंद्र नेगी, संजय जोशी, पिंकी कांडपाल, दर्शन सिंह मेहता,हरीश लटवाल, अक्षय नेगी, खुशाल सिंह, जगदीश सिंह, दीपा देवी, कमल पन्त, गिरजा शंकर, राहुल पांडे, उमाशंकर उपाध्याय,नन्दन सिंह खड़ाई, हिमांशु तिवारी, पी एस नेगी, रवींद्र बिष्ट, असलम,गणेश सिंह, राजेन्द्र सिंह,महावीर गड़िया, रश्मि नेगी, रघुवर सिंह रातव नारायण सिंह किरमोलिया, सहित सैकड़ों कर्मचारी शामिल रहे।

## पेज एक का शेष...

**हल्द्वानी में पटरी पर ...**गंज, रस्सी गली, रामपुर रोड़, कालाढूगी रोड़, भेटिया पड़ाव, वर्कशाप लाईन, नवाबी रोड़ आदि बाजार क्षेत्र आज पूरी तरह से खुले रहे। जिससे लोगों को काफी राहत मिली । सोमवार प्रात: बनभूलपूरा क्षेत्र में पुलिस की दिखाई जा रही नरमी का फायदा उठाते हुए कई महिलायें लाईन नम्बर एक से सब्जी मंड़ी होते हुए सामान खरीदने बाजार आईं। हांलाकि बनभूलपुरा क्षेत्र में पैरा मिलिट्री, सीआरपीएफ, नागरिक पुलिस, पीएसी सहित कई पुलिस फोर्स चप्पे चप्पे पर तैनात होकर हर लोगों की गतिविधि पर पैनी नजर रखे हुए है। वहीं सोमवार को पुलिस ने बीते दिवस गिरफ्तार किये गये आरोपियों का मेडिकल परीक्षण कराया। मेडिकल के लिए आरोपियों को अस्पताल लाये जाने के दौरान वहां भारी भीड़ जमा हो गयी।

**बनभूलपुरा में हुई हिंसा की ...**लोग घायल हो गए। घटना के पश्चात हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में कर्फ्यू लगा दिया गया। यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। हम रुद्रपुर के मजदूर संगठन, सामाजिक संगठन मजदूर यूनियन इस घटना की कठोर शब्दों में निन्दा करते हैं। जिस मदरसे और मस्जिद को ढहाया गया वह मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है और 14 फरवरी को उस मामले में सुनवाई होनी है। हल्द्वानी नगर निगम द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण को लेकर जब मदरसे व मस्जिद को नोटिस जारी किया गया तब से ही स्थानीय लोगों द्वारा इसका विरोध किया गया और उच्च न्यायालय में इसका केस होने की बात कही गई थी। पहले प्रशासन की 4 फरवरी रविवार को मदरसे और मस्जिद को ध्वस्त करने की योजना थी। अचानक 3 फरवरी की देर रात प्रशासन द्वारा मदरसे और मस्जिद को सील कर दिया गया था। तब फिर ऐसी कौन सी आपात स्थिति पैदा हो गई की प्रशासन ने आनन-फानन में भारी फोर्स लगाकर 8 फरवरी को विवादित निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। शासन प्रशासन की इस कार्यवाही से कई लोगों की अकाल मौत हो गई और सैकड़ों लोग घायल हो गए और संपत्ति का भी भारी नुकसान हुआ। इन परिस्थितियों की निष्पक्ष जांच की जरूरत है। ज्ञापन में मामले की सर्वोच्च न्यायालय ज्ञापन में मामले की सर्वोच्च न्यायालय के किसी अवकाश प्राप्त न्यायाधीश से न्यायिक जांच कराने, नैनीताल जिले के डीएम और एसएसपी, एसडीएम हल्द्वानी और सिटी मजिस्ट्रेट हल्द्वानी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने, पुलिस फायरिंग में मारे लोगों के परिजनों और घायलों को उचित मुआवजा व घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था करने, कर्फ्यूग्रस्त इलाके में लोगों को दैनिक उपभोग की जरूरत की सामग्री उपलब्ध कराने आदि की मांग शामिल है। ज्ञापन देने वालों में शिवदेव सिंह, सौरभ कुमार, दिनेश चंद्र, ललित मटियाली, कैलाश चंद्र, अमनदीप कौर, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, अमर सिंह सैनी, गोपाल सिंह गौतम, राजेश कुमार आदि मजदूर संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

**हरिद्वार में सीएम धामी...**चल रहे थे। रोड शो महिला शक्ति कार्यक्रम में पहुंचने के बाद संपन्न हुआ। ऋषिकुल मैदान में आयोजित नारी शक्ति महोत्सव में सीएम ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने जिले को 1,168 करोड़ की 158 परियोजनाओं की सौगात देते हुए योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया। सीएम ने महोत्सव में विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण भी किया।

**लूटकांड का खुलासा...**में 17 हजार की नगदी के अलावा जरूरी कागजात और अन्य सामान था। मामले में महिला के पुत्र कुलदीप सिंह की ओर से पुलिस को तहरीर दी गयी थी। जिसके आधार पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू की गयी। आस पास लगे सीसी टीवी कैमरों की फुटे खंगाली गयी जिसमें लूटेरे की शिनाख्त हो हो गयी। जिसके बाद पुलिस टीम ने दिनदहाड़े पर्स छीनने वाले फईम पुत्र अहमद नबी निवासी भूतबंगला को ब्लॉक रोड से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से लूटी गयी नगदी में से 10 हजार 500 रूपये के अलावा लूट में प्रयुक्त बाइक संख्या यूके 06एवाई 3141 भी बरामद कर ली है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजने की तैयारी की जा रही है।

**मायके में फंदे पर लटका...**घर की छत के रास्ते अपने घर के भीतर आई। जहां उसने पुत्री आरती को टीन शैड़ के बांस में मफलर से बने फांसी के फंदे से लटका देखा। उसकी चीख पुकार की आवाज सुनकर कई लोग वहां आ पहुंचे। मामले की जानकारी मिलते ही सीओ निहारिका तोमर व रम्पुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी पुलिस कर्मियों साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों ने बताया उनके पुत्र संजय बिलासपुर में एक ढ़ाबे में काम करता था। करीब 11माह पूर्व यहीं की निवासी एक मुस्लिम युवती ने उसे अपने प्रेमजाल में फंसा लिया और वह बिलासपुर जा पहुंची। आरोप है युवती ने पुत्र पर दबाव डालकर उससे निकाह कर लिया और पुत्र का नाम संजय से बदलकर अली कर दिया। इस बात को लेकर युवती के परिजनों ने रपट दर्ज कराई थी। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 14 मई को संजय को गिरफ्तार कर लिया था। वह 10 दिन पूर्व ही जमानत पर छूटकर आया है। युवती के भाई तब से रंजिश रखते हैं। परिजनों का आरोप है कि युवती के भाईयों ने पीछे के रास्ते घर में घुसकर अकेली मौजूद आरती को फांसी पर लटका कर उसकी हत्या कर दी। परिजनों का कहना था कि आरती के ससुराली यहां आकर उसे परेशान करते थे जिस कारण आरती के कहने पर घर के बाहर से ताला लगाकर जाते थे। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**गोद भराई का खाना बनाते...**में आग भड़क गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। जिससे परिजनों में हड़कम्प मच गया। सभी आग बुझाने में जुट गये। मामले की जानकारी मिलने पर दमकल कर्मी भी आ गये और उन्होंने काफी प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया। अग्निकांड की इस घटना में किशनपाल, उसके दो पुत्र 18 वर्षीय बीरू, 16 वर्षीय मनोज तथा वहां खेल रहे दो भांजे 3 वर्षीय आदर्श व 2 वर्षीय आयुष पुत्रगण नन्दराम, गंभीर रूप से झुलस गये। जबकि रेनू यह नजारा देखकर बेहोश हो गई। सभी को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# बनभूलपुरा हिंसा में 25 उपद्रवी गिरफ्तार

## अस्थायी जेल में 90 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ कर कॉल डिटेल खंगाल रही पुलिस



- 25 उपद्रवियों के खिलाफ दंगा करने, डकैती, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, जान से मारने सहित कई धराओं में मुकदमा दर्ज
- सीसीटीवी से चिन्हित आरोपियों के कब्जे से 7 तमन्चे, 54 जिन्दा कारतूस एवं थाने से लूटे गये 99 जिन्दा कारतूस भी बरामद किये गये

हल्द्वानी( उद संवाददाता)। आठ फरवरी को बनभूलपुरा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने के दौरान उपद्रवियों द्वारा पुलिस, प्रशासन, नगर निगम व मीडिया कर्मियों पर पथराव, आगजनी व गोलीबारी की हिंसक घटना के सम्बन्ध में थाना-बनभूलपुरा में 03 अभियोग मुअसं-21/2024, 22/2024 व 23/2024 दर्ज किये गये हैं। उपरोक्त हिंसक घटना में संलिप्त उपद्रवियों की गिरफ्तारी के लिये श्री प्रहलाद नारायण मीणा, एसएसपी नैनीताल द्वारा श्री हरबन्स सिंह, एसपी सिटी हल्द्वानी के पर्यवेक्षण में वृहद स्तर पर विभिन्न टीमों का गठन किया गया है। पुलिस टीमों द्वारा घटनास्थलों के पास के सीसीटीवी के अवलोकन एवं अन्य साक्ष्यों के आधार पर घटनास्थलों के आसपास स्थित घरों में दबिश दी गयी और उपरोक्त मुकदमों में नामजद एवं प्रकाश में आये अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध हथियार व कारतूस बरामद किये गये हैं। पुलिस ने उपद्रवियों को चिह्नित करने की कार्रवाई में पूरी ताकत झोंक दी है। हल्द्वानी हिंसा में पूछताछ के लिए हिरासत में लिए 90 से अधिक संदिग्धों को पुलिस ने गौलापार में बनाई अस्थायी जेल में डाला है। पुलिस इन सभी के चेहरे सीसीटीवी फुटेज, फोटो, वीडियो से मिला रही है। इसके साथ अन्य साक्ष्य भी जुटाए जा रहे हैं। पुलिस लगातार उपद्रवियों की पहचान में जुटी है। उपद्रवियों को हिरासत में लेने का सिलसिला जारी है। रविवार को 30 लोगों को पुलिस ने पूछताछ के बाद छोड़ दिया। उधर दोबारा दबिश देकर 30 से अधिक लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस ने इन्हें रखने के लिए गौलापार कुवंरपुर के एक स्कूल में एक अस्थायी जेल बनाई है। इस जेल में 90 से अधिक लोगों को रखा गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कई उपद्रवियों ने पुलिस को कुछ साक्ष्य भी उपलब्ध कराए हैं। पुलिस इन उपद्रवियों का लिंक तलाश कर रही है। एसएसपी पीएन मीणा का कहना है कि 12 टीमें लगातार धरपकड़ कर रही है। जल्द ही उपद्रवियों और मास्टमाइंड को पुलिस गिरफ्तार कर लेगी। पुलिस कॉल डिटेल और संदिग्धों के मोबाइल को खंगाल रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मोबाइल से 150 से अधिक फोटो, वीडियो पुलिस ने कब्जे में ली है। गिरफ्तार आरोपियों की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है। पुलिस को कुछ मोबाइल में बरेली, यूपी में रहने वाले लोगों के नंबर भी मिले हैं। इन नंबरों से हिंसा से पहले और बाद में लगातार बात हो रही थी। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए 25 उपद्रवियों के खिलाफ दंगा करने, डकैती करने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, जान से मारने सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा ने बताया कि उपद्रवियों के खिलाफ तीन मुकदमें दर्ज किए गए थे। इसमें से नामजद और 5000 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। कहा कि पुलिस ने सीसीटीवी और अन्य साक्ष्यों की मदद से एक नामजद और 11 अज्ञात लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। लगातार दबिशें दी जा रही हैं। जल्द ही इन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। थाने से लूटे कारतूस मामले में गिरफ्तार: जुनैद पुत्र असलम निवासी इंद्रानगर से एक तमंचा, आठ कारतूस। मोहम्मद निजाम पुत्र असलम निवासी इंद्रानगर एक तमंचा आठ कारतूस।महबूब उर्फ माकू पुत्र मुख्तार अहमद निवासी गफूर बस्ती एक तमंचा छह कारतूस।शहजाद उर्फ कनकडा पुत्र दिलशाद निवासी इंद्रानगर से एक तमंचा 10 कारतूस।अब्दुल माजिद पुत्र अब्दुल खालिद निवासी नई बस्ती ठोकर पुराने चील घर के पास।शाजिद पुत्र अब्दुल खालिद निवासी नई बस्ती ठोकर पुराने चील घर के पास। मोहम्मद नईम पुत्र मोहम्मद फईम निवासी नई बस्ती ठोकर पुराने चील घर के पास।शाहनवाज पुत्र जुम्मा निवासी नैनीताल पब्लिक स्कूल के सामने छोटी रोड बनभूलपुरा से एक तमंचा सात कारतूस।शकीर अहमद पुत्र शब्बीर अहमद निवासी मोहम्मदी चौक के पास, पप्पू का बगीचा। इशरार अली पुत्र अजगर अली निवासी मोहम्मदी चौक के पास, पप्पू का बगीचा शानू उर्फ राजा पुत्र मोहम्मद याकूब निवासी गफूर बस्ती बनभूलपुरा।रईस उर्फ बिट्टू पुत्र अनीस अहमद निवासी स्प्रिंग फील्ड स्कूल के पास किदवई नगर बनभूलपुरा। **मुकदमा संख्या २२ में ये आरोपी गिरफ्तार हुए:** गुलजार अहमद पुत्र सरदार अहमद निवासी गोपाल मन्दिर, नई बस्ती, बनभूलपुरा। – रईस अहमद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी गोपाल मन्दिर, नई बस्ती, बनभूलपुरा।मोहम्मद फरीद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी गोपाल मन्दिर, नई बस्ती, बनभूलपुरा से एक तमंचा पांच कारतूस बरामद किए। जावेद पुत्र अब्दुल हमीद निवासी गोपाल मन्दिर, नई बस्ती, बनभूलपुरा के पास से एक तमंचा और छह जिन्दा कारतूस बरामद किए। मोहम्मद साद पुत्र रईश अहमद निवासी नई बस्ती, बनभूलपुरा। मोहम्मद तसलीम पुत्र मोहम्मद हनीफ निवासी नई बस्ती ताज मस्जिद के पास सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान बनभूलपुरा।**नगर निगम के चालक की ओर से किए गए मुकदमें में ये गिरफ्तार किए गए:** अहमद हसन पुत्र मेहन्दी हसन निवासी मलिक का बगीचा, बनभूलपुरा। शाहरूख पुत्र महबूब निवासी मलिक का बगीचा, बनभूलपुरा। अरजना पुत्र इरफान निवासी मलिक का बगीचा, बनभूलपुरा। रिहान पुत्र अशफाक निवासी पानी की टंकी के पास, मलिक का बगीचा। जिशान पुत्र हाफिज शकील अहमद निवासी नई बस्ती गोपाल मन्दिर के पास बनभूलपुरा। मुजम्मिल पुत्र खलील निवासी वार्ड नंबर 31 इन्द्रानगर, बनभूलपुरा। माजिद पुत्र मलिक निवासी इन्द्रानगर, बनभूलपुरा शामिल है।

# कर्फ्यू ग्रस्त क्षेत्रों में पहुंची जिला प्रशासन की टीम

## बनभूलपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुचारू, दूध, गैस और पेयजल सेवा की आपूर्ती करावाई





हल्द्वानी( उद संवाददाता)। हल्द्वानी में अतिक्रमण हटाने को लेकर हुई हिंसा औरपथराव के बाद कर्फ्यग्रस्त क्षेत्रों में सन्नाटा छाया हुआ है वहीं दूसरी तरफ लोगों का कहना है कि बनभूलपुरा में हुए उपद्रव के बाद पुलिस की सख्ती बढ़ गई है। पुलिस निर्दोष लोगों को परेशान कर रही है। पुलिस के डर से वह अपने रिश्तेदार के पास बहेड़ी जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसारर बनभूलपुरा क्षेत्र में करीब 300 घरों में ताला लग गया है। पड़ोसियों ने बताया कि ये सभी घर छोड़कर जा चुके हैं। हांलाकि चार दिन बाद जिला प्रशासन की टीमों ने आवश्यक सेवाओं को बहाल कर लोगों को राहत पहुंचाई है। जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर कर्फ्यू ग्रस्त बनभूमपुरा क्षेत्र में आवश्यक सेवाओं को सुचारु करने के साथ ही मेडिकल स्टोर खुलवाए गए हैं साथ ही बनभूलपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सुचारू कर दिया गया है। रविवार को कर्फ्यू ग्रस्त बनभूलपुरा क्षेत्र में प्रशासन की टीम ने आवश्यक सेवाओं को बहाल किया। जोनल मजिस्ट्रेट ए पी वाजपेई ने आवश्यक सेवाओं को सुचारू करवाया और बीमार लोगों के लिए बनभूलपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सुचारु किया गया है। इसके अलावा लाइन नंबर 17 निवासी डेढ़ वर्षीय मोहम्मद इजहान जो की बीमारी से ग्रसित था उसे वन भूलपुरा चिकित्सालय में ले जाकर इलाज के उपरांत राजकीय वाहन से घर तक छोड़ा गया है। प्रशासन शांति व्यवस्था के साथ-साथ आवश्यक सेवाओं को सुचारू कर रहा है।कुमाऊं मंडल विकास निगम के महाप्रबंधक श्री ए पी वाजपेई ने बताया है कि हल्द्वानी के कर्फ्यू क्षेत्र के लाइन नंबर 17, किदवई नगर, इंदिरा नगर, नई बस्ती, लाइन नंबर 08 के साथ ही अन्य क्षेत्रों में भारत और इंडेन गैस का वितरण कराया गया है। गौरतलब है कि कल केएमवीएन ने कर्फ्यू क्षेत्र को छोड़कर अन्य स्थानों में गैस आपूर्ति सुचारू की थी, वहीं आज कर्फ्यू प्रभावित क्षेत्र में भी गैस का वितरण कर दिया गया है। आज कर्फ्यू प्रभावित क्षेत्र में गैस के साथ ही सब्जी, दूध आदि सामग्री का वेंडर के माध्यम से पहुंचाई गई । प्रभावित क्षेत्र में लगभग 07 हजार लीटर दूध, 02 गाड़ी राशन, 02 ट्रक सब्जी और दो गैस गाड़ी की आपूर्ति की गई। दो गैस गाड़ी में एक गाड़ी भारत की और दूसरी इनडेन गैस की थी जिसे मिलाकर कुल 200 सिलेण्डर की आपूर्ति की गई। इसके साथ ही जहां जहां बिजली और पेयजल की दिक्कत थी उन्हें भी ठीक कराया गया। इस आशय की जानकारी जोनल मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेयी ने दी है।

### बनभूलपुरा क्षेत्र से कई लोगों ने किया पलायन!

हल्द्वानी। हल्द्वानी पुलिस की कार्रवाई के डर से लोगों का बनभूलपुरा को छोड़ना जारी है। अब तक करीब 300 परिवार घर में ताला लगाकर यूपी चले गए हैं। क्षेत्र से लोगों का पलायन लगातार जारी है। रविवार सुबह वाहन नहीं मिलने के कारण लोग पैदल ही लालकुआं पहुंच गए। यहां से वे ट्रेन से बरेली के लिए रवाना हुए। शनिवार को पुलिस ने पूछताछ के लिए बनभूलपुरा क्षेत्र से कई लोगों को हिरासत में लिया था। आरोप है कि पुलिस ने इस दौरान हल्का बल प्रयोग भी किया। कई दिनों तक कर्फ्यू रहने की आशंका और पुलिस से डरकर लोगों ने पलायन तेज कर दिया है। रविवार सुबह पांच बजे से बरेली रोड पर कई परिवार सामान लेकर पैदल जाते दिखाई दिए। सवारी वाहन नहीं होने के कारण लोग 15 किलोमीटर पैदल चलकर लालकुआं पहुंचे। यहां से वे बरेली की ट्रेन पकड़कर यूपी के अलग अलग शहरों को निकल गए।

# बनभूलपुरा हिंसा के मामले में होगी निष्पक्ष कार्यवाही

## कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के साथ की चर्चा

देहरादून( उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से आज मुख्यमंत्री आवास में नेता प्रतिपक्ष श्री यशपाल आर्य के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। उन्होंने हल्द्वानी के बनभूलपुरा मामले पर मुख्यमंत्री के साथ चर्चा की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस घटना को गंभीरता से लेकर उपद्रवग्रस्त क्षेत्र में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए त्वरित कार्रवाई की गई है। घटना की जांच के लिए आयुक्त कुमाऊं को मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। प्रतिनिधि मण्डल द्वारा मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच की भी बात की गई। विपक्षी दल के नेताओं ने प्रभावित क्षेत्रवासियों को राहत पहुंचाने की अपील की। उनका यह भी कहना था कि प्रदेश में कानून के साथ खिलवाड़ करने वालों का वे भी समर्थन नहीं करते हैं। प्रतिनिधिमण्डल में पूर्व मुख्यमंत्री श्री हरीश रावत,विधायक प्रीतम सिंह,भुवन कापड़ी, फुरकान अहमद, आदेश चौहान, श्रीमती ममता राकेश एवं सुमित हृदयेश आदि शामिल थे।

